गृह मंत्रालय

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज गुजरात के गोधरा में श्री गोविंद गुरु विश्वविद्यालय में विभिन्न परियोजनाओं के शिलान्यास एवं उदघाटन कार्यक्रम को वीडियो संदेश के माध्यम से संबोधित किया

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जब गुजरात के मुख्यमंत्री थे, उस समय उनके द्वारा किए गए प्रयासों के फलस्वरूप श्री गोविंद गुरु विश्वविद्यालय की स्थापना हुई

श्री गोविंद गुरु जी द्वारा अंग्रेजों के खिलाफ किए गए संघर्ष ने मानगढ़ को स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में महत्वपूर्ण स्थान दिलाया

प्रधानमंत्री मोदी जी के 2047 तक भारत को एक पूर्ण विकसित देश बनाने के संकल्प को पूरा करने के लिए युवाओं और बच्चों को कटिबद्ध रहना होगा

श्री गोविंद गुरु जी द्वारा शुरू किया गया आंदोलन आज प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में आगे बढ़ रहा है

श्री अमित शाह ने आज साणंद विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और वृक्षारोपण किया और GIDC के उद्योगपतियों के साथ संवाद किया

गृह मंत्री ने साणंद के जुवाल में प्राथमिक विद्यालय, अड़रोड़ा सेवा सहकारी मंडली के नवनिर्मित परिसर और फांगडी गांव में पंचायतघर का उद्घाटन भी किया

प्रविष्टि तिथि: 28 JUN 2025 9:22PM by PIB Delhi

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज गुजरात के गोधरा में विंजोल स्थित श्री गोविंद गुरु विश्वविद्यालय में विभिन्न परियोजनाओं के शिलान्यास एवं उद्घाटन कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को वीडियो संदेश के माध्यम से संबोधित किया।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज साणंद विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और वृक्षारोपण किया और Gujarat Industrial Development Corporation (GIDC) के उद्योगपतियों के साथ संवाद किया। गृह मंत्री ने साणंद के जुवाल में प्राथमिक विद्यालय, अड़रोड़ा सेवा सहकारी मंडली के नवनिर्मित परिसर और फांगडी गांव में पंचायतघर का उद्घाटन भी किया।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने अपने वीडियो संदेश में कहा कि आज का दिन पंचमहल के इतिहास में बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि **प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जब गुजरात के मुख्यमंत्री थे** तब उन्होंने महान गोविंद गुरु जी के नाम पर गुजरात में विश्वविद्यालय स्थापित

करने और इसे देश के युवाओं, विशेषकर आदिवासी युवाओं, के लिए प्रेरणा स्थल बनाने के प्रयास किए थे। उन्होंने कहा कि अंग्रेजों के खिलाफ लड़ने वाले महान व्यक्तित्व गोविंद गुरु जी के नाम पर गुजरात में 2015 में विश्वविद्यालय की स्थापना की गई थी और आज 125 करोड़ रुपये की लागत से खेल केंद्र तथा अन्य गतिविधियों सहित विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया गया है।

श्री अमित शाह ने कहा कि वंजारा जाति में जन्मे गोविंद गुरु जी ने ब्रिटिश शासन के दौरान एक अलग भील क्षेत्र की कल्पना की और अंग्रेजों के खिलाफ एक महान संघर्ष किया, जिसमें 1512 आदिवासी भाई-बहन शहीद हुए थे। उन्होंने कहा कि इस घटना ने मानगढ़ को स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में एक महत्वपूर्ण स्थान दिलाया।

श्री अमित शाह ने कहा कि गोविंद गुरु जी द्वारा किसानों के कल्याण के लिए चलाया गया आंदोलन आज प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी के वर्ष 2047 तक पूर्ण विकसित भारत के निर्माण के संकल्प को पूरा करने के लिए युवाओं तथा बच्चों को इस लक्ष्य के प्रति कटिबद्ध रहना होगा।

*****

आरके / वीवी / आरआर / पीआर

(रिलीज़ आईडी: 2140505)
इस विज्ञप्ति को इन भाषाओं में पढ़ें: English